वर्ष- 02 अंक- 249
छपरा
26 जुलाई शनिवार 2025
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## मंदिर के पास इस्लामी पर्चे बांटना धर्मांतरण का प्रयास होने तक अपराध नहीं ; हाईकोर्ट की अहम टिप्पणी

**बंगलूरू ,एजेंसी।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने कहा है कि मंदिर के पास इस्लामिक पर्चे बांटना तब तक अपराध नहीं है, जब तक धर्मांतरण का प्रयास न किया गया हो। हाईकोर्ट ने राज्य के धर्मांतरण विरोधी कानून के तहत कथित तौर पर मंदिर के पास पर्चे बांटने व इस्लाम का प्रचार करने के आरोप में तीन व्यक्तियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द कर दिया। जस्टिस वेंकटेश नाइक टी ने 17 जुलाई को आदेश में कहा कि यह शिकायत अपने आप में त्रुटिपूर्ण थी। धर्मांतरण विरोधी कानून की धारा 4 के तहत धर्मांतरण कर चुके व्यक्ति या उनके निकट संबंधी ही शिकायत दर्ज कराने के लिए अधिकृत हैं। इस मामले में शिकायतकर्ता एक असंबंधित तृतीय पक्ष था, जिससे प्राथमिकी कानूनी रूप से अमान्य है। यह मामला मई में जामखंडी ग्रामीण थाने में दर्ज प्राथमिकी से जुड़ा है, जिसमें शिकायतकर्ता ने कहा कि मुस्तफा मुर्तुजासब मोमिन, अलीसाब शब्बीर व सुलेमान रियाज को मंदिर के पास पर्चे बांटते देखा गया। तीनों पर हिंदू धर्म के बारे में अपमानजनक टिप्पणी व विरोध करने वालों को धमकाने का भी आरोप लगा। उन पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) व कर्नाटक धर्मांतरण विरोधी कानून के तहत मामला दर्ज किया गया।

## गांधीनगर में नशे में धुत कार-चालक ने 4 को रौंदा

### चारों की मौके पर ही मौत, तीन की हालत गंभीर



**गांधीनगर,एजेंसी।** गुजरात की राजधानी गांधीनगर में शुक्रवार सुबह नशे में धुत कार चालक ने 7 लोगों को रौंद दिया। हादसे में एक महिला समेत 4 राहगीरों की मौके पर ही मौत हो गई है और 3 लोगों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी कार चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जांच में पता चला है कि कार चालक नशे में था। हादसा रांदेसन के भाईजीपुरा से सिटीप्लस जाने वाली सर्विस रोड पर हुआ। हादसे का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इसमें देखा जा सकता है कि एक टाटा सफारी कार चालक फुल स्पीड में सड़क पर चल रहे लोगों और वाहन चालकों को टक्कर मार देता है। एक स्कूटी करीब 20 से 25 मीटर तक घिसट जाती है।

## फ्लाइट में थाई महिला ने बच्चे को जन्म दिया,केबिन क्रू ने डिलीवरी करवाई

**मुंबई,एजेंसी।** एअर इंडिया एक्सप्रेस की गुरुवार को मस्कट से मुंबई आ रही फ्लाइट में सफर कर रही एक थाई महिला ने बच्चे को जन्म दिया। एयरलाइन ने बताया कि महिला को फ्लाइट के दौरान अचानक लेबर पेन शुरू हुआ और उस उनके केबिन क्रू ने तुरंत हालात संभाले और डिलीवरी में मदद की।

एयरलाइन के मुताबिक, इस दौरान एक नर्स भी फ्लाइट में थी, जिसने क्रू की मदद की। पायलटों ने मुंबई एयर ट्रैफिक कंट्रोल से जल्दी लैंडिंग की इजाजत मांगी, ताकि मां और बच्चे को तुरंत इलाज मिल सके।

संसद का मानसून सत्र

# संसद गेट पर राहुल-प्रियंका ने एसआईआर लिखे पोस्टर फाड़े,डस्टबिन में डाले

लोकसभा स्पीकर ने सर्वदलीय बैठक बुलाई






**नई दिल्ली,एजेंसी।** संसद के मानसून सत्र के पांचवें दिन विपक्ष ने बिहार वोटर वेरिफिकेशन मुद्दे पर संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। विपक्षी सांसदों ने गांधी प्रतिमा से लेकर मकर द्वार (नए संसद भवन का एंट्री गेट) तक पैदल मार्च निकाला। इसमें राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे भी शामिल हुए। मकर द्वार पहुंचने पर राहुल-प्रियंका सहित विपक्ष के सांसदों ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (स्ढ्ढक्र) लिखे पोस्टर फाड़े। उन्हें प्रतीकात्मक डस्टबिन में डाला। साथ ही मोदी सरकार हाय-हाय के नारे लगाए। लोकसभा में भी विपक्ष ने नारेबाजी की। सदन में करीब 20 मिनट ही कार्यवाही चल पाई। स्पीकर ओम बिरला ने सर्वदलीय बैठक बुलाई। 28 जुलाई से सदन सुचारू रूप से चलाने पर सहमति बन गई है। इसी दिन ऑपरेशन सिंदूर पर भी चर्चा होगी।

राज्यसभा के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, वे (केंद्र) गरीबों को उनके मतदान के अधिकार से वंचित करना चाहते हैं और केवल एलीट क्लास को वोट देने देना चाहते हैं... वे (केंद्र सरकार) संविधान का पालन नहीं कर रहे हैं। स्ढ्ढक्र के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी रहेगी।

खड़गे बोले- मोदी झूठों के सरदार, सिर्फ भाषण देते हैं,कहते हैं मुझे भगवान ने भेजा है

## सिर्फ राहुल में जाति-जनगणना की मांग करने की हिम्मत



**नई दिल्ली,एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में कांग्रेस के भागीदारी न्याय सम्मेलन कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झूठों के सरदार हैं। झूठ बोलना ही उनका काम है। मोदी संसद में भी झूठ बोलते हैं। खड़गे ने कहा, पीएम मोदी सिर्फ तकरीर करते रहते हैं। वो खुद कहते हैं कि मैं नॉन-बायोलॉजिकल हूं, मुझे भगवान ने भेजा है। उन्होंने देश से झूठ बोला कि वे हर साल युवाओं को 2 करोड़ नौकरी देंगे। विदेश से कालाधन लाएंगे, । सबको 15-15 लाख देंगे। उन्होंने किसानों को MSP देने और पिछड़े समुदायों की आमदनी बढ़ाने का झूठ बोला। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, RSS-BJP के लोग जहर बांटते हैं। ये लोगों को आपस में बांटने का काम करते हैं, लेकिन हमें एकजुट रहना है। जिस तरह से आजादी के समय लोगों ने साथ दिया था, वैसे ही अगर आप लोगों ने हमारा साथ दिया तो कांग्रेस पार्टी को कोई हिला नहीं सकता।

**राहुल बोले-** OBC मुद्दों पर कांग्रेस कमजोर पड़ी, भाजपा को मिला मौका राहुल गांधी ने गुरुवार को माना कि पिछले 10-15 साल में कांग्रेस ओबीसी की समस्याएं ठीक से नहीं समझ पाई, जिससे बीजेपी को जगह मिली। तेलंगाना जातिगत सर्वेक्षण 2024 पर आयोजित कार्यक्रम में राहुल ने कहा, दलित, आदिवासी और महिलाओं के मुद्दों पर पार्टी सही दिशा में थी, लेकिन ओबीसी वर्ग की आकांक्षाएं समझने में हम पीछे रह गए। राहुल ने केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार 50% आरक्षण की सीमा नहीं तोड़ना चाहती, क्योंकि सच्चाई सामने आने से बीजेपी की विचारधारा खत्म हो जाएगी।

# राजस्थान के झालावाड़ में स्कूल बिल्डिंग गिरी,7 बच्चों की मौत

- 28 मासूम गंभीर घायल, छात्रा बोली- पहले कंकड़ गिरे, लेकिन टीचर ने ध्यान नहीं दिया



**झालावाड़,एजेंसी।** राजस्थान के झालावाड़ में सरकारी स्कूल की बिल्डिंग का हिस्सा गिरने 7 बच्चों की मौत हो गई है, वहीं 9 गंभीर घायल हैं। झालावाड़ के मनोहरथाना ब्लॉक के पिपलोदी सरकारी स्कूल की क्लास में शुक्रवार सुबह बच्चे बैठे थे, तभी कमरे की छत ढह गई और 35 बच्चे दब गए थे।घटनास्थल पर पहुंचे ग्रामीणों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर मलबा हटाकर बच्चों को निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया। मनोहरथाना हॉस्पिटल के अनुसार 5 बच्चों की मौत मौके पर ही हो गई थी, वहीं 2 ने इलाज के दौरान दम तोड़ा। हादसे को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दुख जताया है।

**प्रार्थना के लिए सभी बच्चों को इकट्ठा किया था** :गांव वालों ने बताया कि वहां सुबह से बारिश हो रही थी। प्रार्थना का समय हुआ तो सभी क्लास के बच्चों को स्कूल के ग्राउंड में इकट्ठा करने की बजाय कमरे में बैठा दिया, ताकि वे गीले न हों। इसके कुछ देर बाद छत गिर गई और 35 बच्चे दब गए।

### कलेक्टर और स्कूली छात्रा के बयान से 2 गंभीर लापरवाही सामने आई

1. कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ के मुताबिक स्कूल शिक्षा विभाग को पहले ही निर्देश दिए गए थे कि जो भी जर्जर भवन हो वहां स्कूलों की छुट्टी कर दी जाए, लेकिन खुद कलेक्टर कह रहे हैं कि ना तो यह स्कूल जर्जर भवन की सूची में था और ना ही यहां बच्चों की छुट्टी की गई।
2. स्कूल में पढ़ने वाली बच्ची वर्षा राज क्रांति ने बताया की छत गिरने से पहले कंकड़ गिर रहे थे, बच्चों ने बाहर खड़े टीचर्स को इसकी जानकारी दी, लेकिन उन्होंने इस पर ध्यान ही नहीं दिया और थोड़ी देर बाद ही छत गिर गई।

### शिक्षा मंत्री बोले- हजारों बिल्डिंग जर्जर हालत में

झालावाड़ स्कूल बिल्डिंग हादसे पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि हजारों बिल्डिंग जर्जर हालत में हैं। इन्हें सही करवाने के लिए काम शुरू कर दिया है। करीब 200 करोड़ रुपए खर्च होंगे। फिलहाल प्राथमिकता है जो बच्चे घायल हैं उनका सही से इलाज हो जाए और वे जल्द स्वस्थ्य हो।

### हनुमान बेनीवाल बोले- अफसरों और नेताओं के बच्चे सरकारी स्कूल में पढ़ें

झालावाड़ में हादसे के बाद नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने संसद में कहा कि सभी अफसरों और नेताओं के बच्चों को सरकारी स्कूल में पढ़ाया जाए, ताकि स्कूलों की गुणवत्ता में सुधार हो सके।

टीके की बदौलत कब्जे में आया रूबेला

## सरकार के टीकाकरण नीति पर सामने आई आईसीएमआर की निगरानी रिपोर्ट



**नई दिल्ली ,एजेंसी।** देश में जन्मजात रूबेला संक्रमण को रोकने के लिए टीकाकरण अब असरदार साबित हो रहा है। राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के जरिए बच्चों को मिलने वाले टीका की बदौलत अब संक्रमण पर आसानी से काबू पाया जा रहा है।

यह खुलासा भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की एक निगरानी रिपोर्ट में हुआ है जिसे केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को सौंपा गया है। इसमें यह भी बताया कि भारत में एमआर टीकाकरण कवरेज 2023 तक कई राज्यों में 95त्न से ऊपर दर्ज हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2017 से जारी मिशन इंद्रधनुष और मीजल्स-रूबेला (एमआर) टीकाकरण अभियान के तहत देशभर में बच्चों को व्यापक रूप से रूबेला रोधी टीका दिया जा रहा है। मीजल्स-रूबेला (एमआर) टीका की दो खुराक दी जा रही हैं जिसकी पहली खुराक 9 से 12 महीने की उम्र में और दूसरी 16 से 24 महीने में दी जा रही है। जैसे जैसे इस टीकाकरण कार्यक्रम को व्यापक स्वरूप मिल रहा है, वैसे ही बीमारी का दायरा भी कम हुआ है।

स्थिति यह है कि रूबेला संक्रमण से जुड़ी जटिलताओं के मामलों में पिछले पांच वर्षों में लगातार गिरावट आने के सबूत मिले हैं। आईसीएमआर के चेन्नई स्थित राष्ट्रीय जानपदिक रोग विज्ञान संस्थान ने रिपोर्ट में जानकारी दी है कि साल 2017 में जहां बच्चों में जन्मजात रूबेला संक्रमण के संदिग्ध मामलों में से 25त्न में संक्रमण की पुष्टि हो रही थी जबकि साल 2022 तक यह आंकड़ा घटकर 2.5% रह गया।

**महिलाओं की प्रतिरक्षा दर भी 85 फीसदी के पार :**रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि प्रजनन आयु (15-45 वर्ष) की लगभग 85% महिलाएं रूबेला संक्रमण के प्रति प्रतिरक्षित हैं। संस्थान के निदेशक डॉ. मनोज वी. मुर्हेकर ने बताया कि यह आंकड़े भारत के सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम की सफलता को बयां कर रहे हैं।

# राबड़ी बोलीं- सम्राट चौधरी गुंडे, लड़कियों को छेड़ते हैं

- डिप्टी सीएम ने सदन में तेजस्वी से कहा था- जिसका बाप अपराधी वो क्या बोलेगा



**पटना,एजेंसी।** बिहार विधानमंडल के मानसून सत्र के 5वें और आखिरी दिन लंच के बाद सदन में विपक्ष का हंगामा जारी रहा। 7 मिनट के बाद स्पीकर ने सदन की कार्यवाही ढाई बजे तक के लिए स्थगित कर दी। पहले सेशन में राबड़ी देवी ने सम्राट चौधरी पर कहा कि वो बचपन से बोरिंग रोड इलाके में गुंडई करता है। बोरिंग रोड चौराहे पर लड़कियों को छेड़ते रहे। वो कैसे दूसरे को गुंडा बोल सकते हैं।

गुरुवार को डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने सदन में तेजस्वी से कहा था- जिसका बाप अपराधी वो क्या बोलेगा।

विधान परिषद में राबड़ी देवी ने तेजस्वी की जान को खतरा बताया और BJP-JDU पर इसके लिए साजिश करने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा- तेजस्वी की जान को खतरा है। BJP और JDU वाले हमला करवा रहे हैं। अब तक 4 बार हमले हो चुके हैं। ये लोग संस्कारहीन हैं।

वहीं मुख्यमंत्री ने विपक्ष की तरफ इशारा करके कहा कि पहले यह लोग इस तरह का कपड़ा पहनते थे। राबड़ी देवी की तरफ इशारा करके कहा कि इन्हीं के कहने पर यह लोग सब इस तरह का कपड़ा पहन कर आ रहे हैं।

**विधानसभा 5 मिनट में स्थगित :** विधानसभा की कार्यवाही महज 5 मिनट में स्थगित कर दी गई। सदन शुरू करने से पहले स्पीकर ने मजाकिया लहजे में पूछा- आज मौसम भी ठंडा है और माहौल भी ठंडा हैं। प्रश्नकाल से कार्यवाही शुरू हुई तो विपक्ष के विधायक नारेबाजी करने लगे। राजद-कांग्रेस और माले के विधायक नारेबाजी करते हुए वेल में पहुंच गए। विपक्षी सदस्य टेबल पलटने लगे, इस पर विस अध्यक्ष ने कहा- टेबल मत पलटिए, इसके बाद भी विपक्षी विधायक नहीं माने और हंगामा जारी रहा।



# मुंबई में बारिश का रेड अलर्ट, सड़कों पर पानी भरा

### पुलिस की घर से न निकलने की सलाह; पश्चिम बंगाल में बिजली गिरने से 13 की मौत



**नई दिल्ली,एजेंसी।** मुंबई और आसपास के जिलों में भारी बारिश जारी है। इसके चलते पुलिस ने एडवाइजरी जारी कर लोगों से जरूरत न होने पर घर से न निकलने की सलाह दी है। समुद्र तटीय इलाकों में जाने से बचने को भी कहा है।मौसम विभाग ने गुरुवार को महाराष्ट्र समेत पांच राज्यों में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया था। वहीं, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, केरल, कर्नाटक में ऑरेंज अलर्ट है।

पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा और पूर्व बर्धमान जिले में गुरुवार को बिजली गिरने से 13 लोगों की मौत हो गई। वहीं, ओडिशा पुलिस ने गंधमर्दन पहाड़ियों पर फंसे 17 पर्यटकों का रेस्क्यू किया गया।

हिमाचल प्रदेश के मंडी में सड़क धंसने से एक बस हादसे का शिकार हो गई। इसमें 7 लोगों की मौत हो गई। राज्य में अब तक कुल 147 मौतें हो चुकी हैं। वहीं, 1387 करोड़ रुपए की संपत्ति को नुकसान पहुंचा है।मौसम विभाग ने बंगाल की खाड़ी, पश्चिम बंगाल और ओडिशा के मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी है। विभाग ने कहा कि 28 जुलाई तक इन क्षेत्रों में 55kmph की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं।

**सरकार बोली- बाढ़ के पूर्वानुमान के लिए AI का इस्तेमाल** -जल शक्ति मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि केंद्रीय जल आयोग की तरफ देशभर के 350 बाढ़ फोरकास्ट स्टेशनों पर AI का उपयोग करके 24 घंटे पहले तक पूर्वानुमान जारी किए जाते हैं।

जल शक्ति राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी ने कहा कि ये पूर्वानुमान एक नई पहल के तहत तैयार और प्रसारित किए जाते हैं। यह तकनीक स्मार्ट वाटर रिसोर्सेज मॉडलिंग ऑर्गनाइजेशन-सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (SWRMO-CoE) पर काम करती है।

ऑपरेशन सिंदूर पर संसद में पहली बार बोली सरकारः

# कहा- यह आतंकी हमले का जवाब था, पाकिस्तान की रिक्वेस्ट पर युद्ध विराम हुआ



**नई दिल्ली,एजेंसी।** ऑपरेशन सिंदूर और सीजफायर के सवालों पर गुरुवार को सरकार ने संसद में पहली बार जवाब दिया। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने राज्यसभा में लिखित जवाब में कहा- ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों की ओर से किए गए बर्बर आतंकी हमले के जवाब में शुरू हुआ था। कीर्ति वर्धन सिंह ने आगे कहा- ऑपरेशन सिंदूर के तहत 7 मई को भारत ने पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों को नष्ट किया। इसके बाद PAK ने भारतीय सैन्य ठिकानों और नागरिकों को निशाना बनाने की कोशिश की, लेकिन इसका कड़ा जवाब दिया गया। पाकिस्तानी सेना को भारी नुकसान पहुंचाया। सीजफायर के सवाल पर उन्होंने कहा- 10 मई को पाकिस्तान के मिलिट्री ऑपरेशन डायरेक्टर जनरल (DGMO) ने भारतीय समकक्ष से संपर्क कर गोलीबारी और सैन्य गतिविधियों को रोकने का अनुरोध किया। उसी दिन बाद में संघर्ष विराम पर सहमति बनी।

विदेश राज्य मंत्री ने ये सभी जवाब सपा सांसद रामजी लाल सुमन के सवालों पर दिया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर अंतरराष्ट्रीय दबाव में शुरू हुआ, अचानक युद्धविराम की घोषणा का सेना पर असर और ऑपरेशन सिंदूर की वास्तविक स्थिति को लेकर सवाल पूछे थे।

**सवाल-** क्या भारत ने पाकिस्तान को ग्लोबल मंच पर अलग-थलग करने की कोशिश की? **जवाब-** विदेश राज्य मंत्री ने बताया कि भारत ने लगातार पाकिस्तान से होने वाले सीमा पार आतंकवाद के खतरे को ग्लोबल मंच पर उठाया है। इसके बाद कई पाकिस्तान बेस्ड आतंकवादियों और संगठनों को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) की 1267 प्रतिबंध कमेटी और स्नञ्जस्न की ग्रे लिस्ट में शामिल किया गया। पहलगाम हमले के बाद NSC ने भी इसकी कड़ी निंदा की और हमले के जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराने की बात कही। अमेरिका ने हाल ही में लश्कर-ए-तैयबा के प्रॉक्सी संगठन द रेसिस्टेंस फ्रंट (TRF) को विदेशी आतंकी संगठन और वैश्विक आतंकी घोषित किया है।

**सवाल-** भारत ने अमेरिका के साथ पाकिस्तान को दी जाने वाली सैन्य मदद पर क्या किया? **जवाब-** कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा- भारत पाकिस्तान की सभी सैन्य और सुरक्षा से जुड़े घटनाक्रमों पर नजर रखता है। इस पर अपनी चिंताओं को अमेरिका सहित अन्य साझेदारों के साथ उठाता है। भारत का स्पष्ट रुख है कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के केंद्र शासित प्रदेश भारत का अभिन्न हिस्सा हैं, थे और हमेशा रहेंगे। भारत और अमेरिका के बीच आतंकवाद विरोधी सहयोग एक मजबूत स्तंभ है। दोनों देश समय-समय पर आतंकवाद को खत्म करने के लिए जरूरी कदम उठाते हैं।

# भोजपुर में 2 भाइयों को मारी गोली, एक की मौत

## खेत जोतने को लेकर चचेरे भाई से हुआ था विवाद, जबरन जमीन लिखवा लिया था

**आरा(भोजपुर),एजेंसी।** भोजपुर में जमीन विवाद में चचेरे भाइयों ने 2 सगे भाई को गोली मार दी। घटनास्थल पर ही एक की मौत हो गई है। सीने और हाथ में बुलेट लगी थी। दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। कमर में गोली लगी है। मृतक की पहचान किशोर सिंह के पुत्र भगवान सिंह(42) के तौर पर हुई है। घायल ददन सिंह(40) है। घटना आयर थाना क्षेत्र के भेड़री गांव की है।

### जबरन जमीन लिखवा लिया

हरी किशोर सिंह ने बताया, तीन भाइयों में 22 बीघा जमीन है। तीनों में बंटवारा हुआ। मेरी आर्थिक हालत ठीक नहीं थी। इस वजह से 1 बीघा 2 कट्ठा (22 कट्ठा) जमीन गांव के ही एक व्यक्ति से बेच दिया था। इधर 20 दिन पहले मेरा भतीजा लल्लू सिंह कम दाम में जबरन मेरे से खेत लिखवा लिया था।



गुरुवार को मेरे दोनों बेटे खेत जोतने जा रहे थे। लल्लू सिंह मना करने लगा। कहासुनी होने के बाद दोनों को गोली मार दी। गंभीर हालत में सदर अस्पताल लाया गया। जहां बड़े बेटे की मौत हो गई। छोटे की भी हालत गंभीर बनी हुई है।

### जांच के लिए पहुंचे एसपी

गोलीबारी की सूचना मिलते ही एसपी राज घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि पूर्व के विवाद में दोनों भाइयों को चचेरे भाई ने गोली मारी है। आरोपी घर से फरार है। गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

मृतक के परिवार में पत्नी रीता देवी, तीन बेटे रामबाबू , जीतन और नीतीश है। मौत की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। पत्नी, बच्चों और परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।



# सिंदूरदान के बीच दूल्हा-दुल्हन को पुलिस ने उठाया

## भागलपुर में घंटों थाने में बैठाकर रखा, एक लड़के ने फोन किया था- जबरन शादी हो रही है

**भागलपुर,एजेंसी।** भागलपुर में गुरुवार देर रात शादी के दौरान पुलिस दूल्हा और दुल्हन दोनों को उठाकर थाने ले गई। दोनों को घंटों में थाने में बैठाकर रखा। इस दौरान दूल्हा और दुल्हन से पूछताछ भी की गई।

दरअसल, जिले के बाबा मनसकामना नाथ मंदिर में शादी की रस्में निभाई जा रही थी। दूल्हा, दुल्हन की मांग में सिंदूर भर रहा था। इसी दौरान डायल-112 की टीम आई और शादी रुकवा दी।

इसके बाद पुलिस जबरन दूल्हा-दुल्हन को लेकर थाने लेकर आ गई। लड़की और लड़के का परिवार भी थाने पहुंचा। पुलिस को एक लड़के ने फोन कर के सूचना दी थी कि शादी जबरदस्ती कराई जा रही है।

दुल्हन का नाम लक्ष्मी कुमारी (23) है। वो तिलकामांझी की रहने वाली है। दूल्हा मधुसूदनपुर के नूरपुर नया टोला का रहने वाला है। उसका नाम कौशल कुमार (25) है। परिवार ने बताया कि आपसी सहमति से रस्में निभाई जा रही थीं। इस बीच अचानक पुलिस पहुंच गई और शादी को रोक दिया।

हालांकि, रात करीब 1 बजे पुलिस दोनों को फिर से मंदिर लेकर पहुंची, जहां दोनों की फिर से शादी कराई गई। पूरा मामला मामला तिलकामांझी का है।

**दूल्हे के पिता बोले- आपसी सहमति से शादी हो रही थी:** दूल्हे के पिता मुकेश मंडल ने बताया, कौशल और लक्ष्मी के बीच 2 साल से अफेयर चल रहा था। दो दिन पहले घर से भाग थे। इसके बाद दोनों को खोजकर लाया।

परिवार के आपसी सहमति से शादी कराने का फैसला लिया। मंदिर में शादी चल रही थी। तभी पुलिस पहुंच गई। दोनों को लेकर थाने आ गई।

दूल्हा और दुल्हन को थाने लाने की खबर मिलते ही दोनों पक्षों के लोग नाथनगर पुलिस स्टेशन पहुंचे। परिजनों का कहना था कि जब दोनों बालिग हैं और परिजनों की सहमति भी है, तो पुलिस को हस्तक्षेप का कोई अधिकार नहीं है।

**पुलिस की कार्यशैली पर उठाए सवाल:** जानकारी के मुताबिक एक लड़के ने पुलिस को फोन करके बताया कि एक लड़की को भगाकर मंदिर में जबरन शादी कराई जा रही है। जिसके बाद आनन-फानन में डायल-112 की टीम मंदिर पहुंची थी। पुलिस सूचना देने वाले युवक की पहचान में जुट गई है। ग्रामीणों का कहना है, मामला आपसी सहमति का था। पुलिस को क्या जल्दबाजी थी। जांच के बाद ही कुछ करना था।

# किशनगंज में दहेज के लिए विवाहिता की हत्या

## 3 दिन बाद भाई ने थाने में की शिकायत, बोला- ससुराल पक्ष 5 लाख की कर रहा था मांग

**किशनगंज (बिहार), एजेंसी।** किशनगंज के टेंगरमारी सालकी गांव में दहेज के कारण 20 वर्षीय जूही की जान चली गई। मृतका के भाई ने टाउन थाना पुलिस में आवेदन देकर न्याय की मांग की है। उसने बहन के पति शाहबाज, ससुर अली हुसैन, सास और ननद पर दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया है।



उन्होंने बताया कि जूही की शादी तीन साल पहले मुस्लिम रीति-रिवाज से शाहबाज के साथ हुई थी। शादी में दहेज दिया गया था। लेकिन ससुराल वालों की मांगें लगातार बढ़ती गई। शादी के बाद शाहबाज और उसके परिवार ने जूही पर शारीरिक और मानसिक अत्याचार शुरू कर दिए।

**ससुराल वाले 5 लाख की कर रहे थे मांग:** उन्होंने पांच लाख रुपए की अतिरिक्त मांग की। परिवार ने मुश्किल से एक लाख रुपए दिए। लेकिन इसके बाद भी अत्याचार नहीं रुका। जूही को खाना तक ठीक से नहीं दिया जाता था। 17 जुलाई 2025 को जूही ने अपने मायके वालों को बताया कि चार लाख रुपए की मांग की जा रही है। उसने कहा कि पैसे नहीं देने पर उसकी जान को खतरा है।

**3 दिन बाद परिजन ने किया एफआई आर:** 18 जुलाई को ससुराल वाले मायके आए। उन्होंने गांव वालों के सामने अत्याचार से इनकार किया। लेकिन 22 जुलाई को जूही की बहन के बेटे अरमान ने सूचना दी कि जूही की हत्या कर दी गई है। मायके वाले ससुराल पहुंचे तो जूही का शव बरामदे में पड़ा था। सभी आरोपी फरार थे। परिजन ने 25 जुलाई को थाने में आवेदन दिया है।

परिजनों का कहना है कि जूही के शरीर पर चोटों के निशान थे। ये निशान हत्या की ओर इशारा करते हैं। उनका मानना है कि हत्या के बाद शव को फांसी पर लटकाकर आत्महत्या का रूप दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जूही के भाई ने कठोर कार्रवाई और गहन जांच की मांग की है।

थाना अध्यक्ष अभिषेक कुमार रंजन ने बताया कि मामले में आवेदन दिया गया था और मामले में एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कटिहार में घर में घुसकर युवती से रेप: पीड़िता के शिकायत करने पर सरपंच पति ने डांटा

## थाने में पहुंचकर न्याय की लगाई गुहार

**कटिहार,एजेंसी।** कटिहार के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गांव से एक संवेदनशील मामला सामने आया है। यहां एक 20 वर्षीय युवती के साथ गांव के ही युवक पर रेप करने का आरोप है। पीड़िता ने मुफस्सिल थाना में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।

पीड़िता ने बताया कि 19 जुलाई को शनिवार के दिन वह घर में अकेली थी। इसी दौरान गांव का 22 वर्षीय युवक उसके कमरे में जबरन घुस आया। उसने युवती के साथ रेप किया। जब युवती चिल्लाने लगी तो उसकी आवाज सुनकर पड़ोस की महिलाएं मौके पर पहुंचीं। लेकिन तब तक आरोपी युवक भाग निकला था।

**सरपंच पति ने किया अपमानित:** घटना के बाद पीड़िता के परिजनों ने गांव के सरपंच पति को जानकारी दी। सरपंच पति ने पंचायत बिठाने की बात कही। इससे पीड़ित पक्ष को इंसाफ की उम्मीद जगी। लेकिन पंचायत में सरपंच पति ने पीड़िता और उसके परिजनों को डांट-फटकार दिया। उन्होंने कहा, जहां जाना है जाओ, हमें कोई मतलब नहीं।



**पीड़िता का कराया जा रहा मेडिकल जांच:** पीड़िता की मां ने बताया कि उन्हें लगा था कि गांव की पंचायत से इंसाफ मिलेगा। लेकिन वहां अपमानित होकर वे थाना पहुंचीं। मुफस्सिल थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए युवती का आवेदन दर्ज कर लिया है। पुलिस ने पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल भेजा है। अब पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# भोजपुर में करंट लगने से सुपरवाइजर की मौत: खेत में हाईटेंशन तार की चपेट में आने से गई जान, रांची के प्राइवेट कंपनी में काम करते थे

**आरा(भोजपुर),एजेंसी।** भोजपुर में करंट लगने से सुपरवाइजर की मौत हो गई। रांची के एक प्राइवेट कंपनी में काम करते थे। मृतक की पहचान अजय चौबे(47) के तौर पर हुई है। घटना जगदीशपुर थाना क्षेत्र के हाटपोखर गांव की है। हाटपोखर पंचायत के मुखिया धर्मेंद्र कुमार चौबे ने बताया, अजय रांची में अपने परिवार के साथ रहते थे। बुधवार को चावल और राशन का सामान लेने के लिए गांव आए थे। गुरुवार को ही रांची जाने वाले थे, लेकिन परिवार के सदस्यों ने जाने से मना कर दिया। दिन में खेत जा रहे थे। खेत में हाईटेंशन तार टूटकर गिरा पड़ा था। जिसके संपर्क में आने से झुलस गए। घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

**परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल:** स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए आरा सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतक पांच भाई-बहन में चौथे नंबर पर था। परिवार में पत्नी, एक बेटा आदित्य कुमार और बेटी पुत्री सौम्या शिवांगी है। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।


अजय चौबे, मृतक

# चंदन मिश्रा हत्याकांड : बेउर जेल में नीशू से पूछताछ, उसके घर का फुटेज लिया

**पटना,एजेंसी।** बक्सर के कुख्यात चंदन मिश्रा की हत्या में इस्तेमाल एक और बाइक सोनपुर से बरामद हो गई। बुधवार को दानापुर से एक बाइक बरामद की गई थी। दोनों बाइक चोरी की हैं। एक बाइक दरभंगा, दूसरी बेगूसराय से चुराई गई थी। इधर, इस हत्याकांड के आरोपी नीशू खान से एसआईटी ने बेउर जेल में जाकर पूछताछ की।

वह लकवाग्रस्त है। इसलिए पुलिस ने उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ करना उचित नहीं समझा। सूत्रों के अनुसार, करीब तीन घंटे तक पुलिस ने उससे बेउर जेल में पूछताछ की। उसने पुलिस को बताया कि 11 जुलाई से ही सभी शूटर समनपुरा स्थित मेरे घर पर आ गए थे। वहीं पूरी प्लानिंग बनी। पुलिस ने समनपुरा स्थित उसके घर पर जाकर शूटरों का फुटेज ले लिया है, ताकि कोर्ट में साक्ष्य के तौर पर पेश किया जा सके।



नीशू ने पुलिस को यह भी बताया कि चंदन की हत्या करने के बाद हथियार उसी गिरोह से जुड़े अपराधियों को दे दी थी। हथियार लेकर जाने वाला बदमाश पटना के बाहर का रहने वाला है। पुलिस ने तौसीफ के भी तीन मोबाइल बरामद कर लिये। तीनों मोबाइल उसकी बहन के घर गयाजी से बरामद किए गए हैं। उनकी सीडीआर निकाली जा रही है। पुलिस ने तीन शूटरों समेत सात को गिरफ्तार कर लिया, लेकिन एक भी हथियार बरामद नहीं हुआ। हथियार बरामद करने के लिए छापेमारी करने में पुलिस जुटी है। एसएसपी कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि फरार चल शूटरों, साजिश करने वाले और शूटरों की मदद करने वालों को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी की जा रही है।

**तौसीफ आज जाएगा बेउर जेल:** तौसीफ की रिमांड शुक्रवार को समाप्त हो रही है। करीब 28 घंटे की पूछताछ में उसने पुलिस को घटना की सारी जानकारी दे दी है। उसके बयान की पुलिस ने वीडियोग्राफी और रिकॉर्डिंग भी की है। शूटर बलवंत और रविरंजन का पीएमसीएच में इलाज चल रहा है। दोनों आरा के बिहिया थाना इलाके में मुठभेड़ में घायल हुए थे। वहीं से पुलिस ने अभिषेक को भी गिरफ्तार किया था। पुलिस बेउर जेल में बंद नीशू के केयर टेकर हर्ष ओर नर्सिंग स्टाफ भीम को भी रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। पुलिस इस हत्याकांड से जुड़े वैज्ञानिक साक्ष्यों को जुटाने में जुटी है। डायरी लिखने में सीआईडी की टीम को भी लगाया गया है। सभी आरोपियों को स्पीडी ट्रायल करा कर सजा दिलाई जाएगी।

# शिक्षा विभाग टैबलेट के माध्यम से अब स्कूलों पर रखेगा नजर

**पटना,एजेंसी।** सरकारी स्कूलों में शिक्षण कार्य की निगरानी अब टैबलेट से की जाएगी। शिक्षा विभाग पायलट प्रोजेक्ट का विस्तार कर रहा है। इससे पहले पायलट प्रोजेक्ट के तहत पटना जिले के पांच स्कूलों में एक-एक टैबलेट दिए गए थे। इसकी सफलता के बाद बिहार शिक्षा परियोजना परिषद ने अब प्रत्येक स्कूल को दो-दो टैबलेट देने का निर्णय लिया है। एक अगस्त से टैबलेट के माध्यम से शिक्षकों और बच्चों की उपस्थिति की निगरानी शुरू कर दी जाएगी। जिला शिक्षा कार्यालय की ओर से जिले के 14 प्रखंडों के स्कूलों में टैबलेट वितरित करने के लिए भेजे गए हैं। बाकी प्रखंडों में टैबलेट भेजने काम जारी है।

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (समग्र शिक्षा) कुमकुम पाठक ने बताया कि प्रारंभिक से लेकर उच्च माध्यमिक स्तर के प्रत्येक स्कूलों को दो-दो टैबलेट दिए जाएंगे। जिस स्कूल में बच्चों की संख्या अधिक होगी, वहां तीन टैबलेट दिए जाएंगे। एक टैबलेट का प्रयोग प्रधानाध्यापक करेंगे। दूसरा टैबलेट बच्चों और शिक्षकों के लिए होगा। टैबलेट के माध्यम से बच्चों और शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज की जाएगी। वर्ग शिक्षक प्रतिदिन प्रत्येक कक्षा में उपस्थित बच्चों की तस्वीर और वीडियो बनाकर ई-शिक्षा पोर्टल पर अपलोड करेंगे।



**शिक्षक अपनी उपस्थिति भी हर दिन दर्ज करेंगे:** वर्ग में चल रहे शिक्षण कार्य की तस्वीर और वीडियो भी ई-शिक्षा पोर्टल अपलोड करना होगा। इसके अलावा बच्चों को मध्याह्न भोजन खाते हुए फोटो के अलावा परिसर की साफ-सफाई का वीडियो भी अपलोड करना होगा। प्रधानाध्यापक को मिले टैबलेट के माध्यम से शिक्षक अपनी उपस्थिति दर्ज करेंगे। इसमें प्रतिदिन कौन शिक्षक अवकाश पर है और कौन शिक्षक स्कूल में कार्यरत है, इसकी जानकारी देनी होगी। शिक्षक और प्रधानाध्यापक प्रतिदिन अपनी तस्वीर ई-शिक्षा पोर्टल पर अपलोड करेंगे।

टैबलेट चोरी होने पर चल जाएगा पता = जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने बताया कि टैबलेट की सुरक्षा की जिम्मेदारी स्कूल के प्रधान शिक्षक और प्रधानाध्यापक की होगी। अगर किसी स्कूल में टैबलेट चोरी होने की शिकायत मिलती है तो वह आसानी से पकड़ी जाएगी। टैबलेट का आइएमईआई नंबर, टैबलेट का सीरियल नंबर, टैबलेट में लगाए गए नंबर का सिम, उपयोगकर्ता का नाम और पदनाम का जिक्र रहेगा। इसके अलावा सभी नंबर प्रधानाध्यापक के पास भी रहेगा। यदि टैबलेट की चोरी होती है तो उसे ट्रैक किया जा सकता है।

# ट्रेन की चपेट में आने से वेल्डिंग मिस्त्री की मौतत्तबीयत खराब होने के बाद सिकंदराबाद से आरा लौट रहे थे, 2 दिन बाद हुई पहचान

**आरा(भोजपुर),एजेंसी।** भोजपुर में मंगलपुर देर रात ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई थी। 2 दिन बाद मृतक की पहचान हुई है। मृतक अखिलेश चौहान(34) कोइलवर थाना क्षेत्र के सुरौंधा कॉलोनी का रहने वाला था। पेशे से वेल्डिंग मिस्त्री था। तेलंगाना के सिकंदराबाद में काम करता था। घटना दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड की है। मृतक के छोटे भाई सतीश कुमार ने बताया कि भैया 18 जुलाई को कंपनी में काम करने के लिए सिकंदाराबाद गए थे। तबीयत खराब होने के बाद 21 जुलाई को घर लौट रहे थे, लेकिन 2 दिन तक नहीं पहुंचे। इसके बाद खोजबीन शुरू किया।



खोजबीन के दौरान आरा रेल थाना पहुंचे। एक अज्ञात युवक का शव मिला है। फोटो देखते ही पहचान गया। इसके बाद पुलिस ने कागजी कार्रवाई के बाद अंतिम संस्कार के लिए शव सौंप दिया।

**घर में मचा कोहराम:** मृतक पांच भाई-बहन में सबसे बड़ा था। परिवार में मां लालो देवी, पत्नी गुड़िया देवी, दो पुत्री खुशी, निशु और एक बेटा राजा है।

# राज्य के 342 नए पुलिस थाने सीसीटीएनएस से जुड़ेंगे

**पटना,एजेंसी।** ओपी से अपग्रेड हुए 342 नए पुलिस थानों को बिहार पुलिस के सीसीटीएनएस (क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम) से जोड़ने की तैयारी है। नए थानों में सीसीटीएनएस व्यवस्था को लेकर 1072 डेस्कटॉप, 374 प्रिंटर, यूपीएस, नेटवर्क स्विच, हैंडहेल्ड डिवाइस और 324 जेनरेटर सेट खरीदने की मंजूरी दी गई है।

एडीजी प्रोविजनिंग अजिताभ कुमार ने बताया कि उत्क्रमित थानों के सीसीटीएनएस से जुड़ने के बाद इन थानों में आने वाली सभी शिकायतों के साथ पुलिस का अनुसंधान डिजिटल स्वरूप में होगा। बिहार पुलिस मुख्यालय के अनुसार नए थानों में मानक के अनुसार पुलिसकर्मियों की तैनाती हो रही है। ओपी से उत्क्रमित होकर बने इन थानों की सीमा का भी विस्तार हुआ है।

## जहानाबाद में वाहन चेकिंग के दौरान तस्कर गिरफ्तार

# मोटरसाइकिल की डिक्की से मिला अंग्रेजी शराब, पुलिस ने गाड़ी किया जब्त

**जहानाबाद,एजेंसी।** जहानाबाद में अरवल मोड़ के पास वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। नगर थाना अध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा के नेतृत्व में की गई चेकिंग में एक मोटरसाइकिल सवार युवक को रोका गया। जब उसकी मोटरसाइकिल की डिक्की की जांच की गई तो उसमें से एक बोतल अंग्रेजी शराब बरामद हुई।



पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर की पहचान धर्मेंद्र कुमार के रूप में हुई है, जो हरी होरिल गंज मोहल्ले का निवासी है। पुलिस ने उसकी मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया है। अधिकारियों ने बताया कि वे यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि शराब कहां से लाई जा रही थी और इसका गंतव्य कहां था।

**तस्कर के खिलाफ एफआई आर दर्ज:** आरोपी के खिलाफ शराब अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस लगातार शराब कारोबारियों के खिलाफ छापामारी अभियान चला रही है, लेकिन शराब तस्कर अपनी गतिविधियां जारी रखे हुए हैं। जानकारी के अनुसार, तस्कर अक्सर दूसरे राज्यों से शराब लाकर निर्धारित स्थानों पर इकट्ठा करते हैं और फिर होम डिलीवरी के माध्यम से इसकी आपूर्ति करते हैं। पुलिस का मानना है कि गहन पूछताछ से शराब के बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश हो सकता है।

## दहेज के लिए विवाहिता की हत्या, पति गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** स्थानीय थाने के फिरोजपुर गांव में दहेज के लिए एक नव विवाहिता की हत्या कर दी गई।मृतका प्रिया कुमारी कुमारी(21) भेल्दी थाने के फिरोजपुर गांव के बंटी सिंह की पत्नी बतायी जाती है।थाने में दर्ज प्राथमिकी में परसा थाने के मानपुर गांव के मृतका की बहन काजल कुमारी ने कहा है कि उसकी बहन प्रिया कुमारी की शादी भेल्दी थाने के फिरोजपुर गांव के बंटी सिंह से हिन्दु रीति-रिवाज के साथ हुई।शादी के बाद से ससुराल वाले हमेशा प्रिया को दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे।शुक्रवार को ससुराल वालों ने गले में फंदा लगाकर उसकी हत्या कर दी।घटना की सूचना मिलते ही भेल्दी पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया।पुलिस ने नामजद अभियुक्त बंटी सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## नगरा में गैरेज से स्कॉर्पियो चोरी, पुलिस ने दर्ज की प्राथमिकी

**दैनिक खोज खबर/नगरा(सारण)।** थाना क्षेत्र के कादीपुर स्थित एक गैरेज से अज्ञात चोरों ने स्कॉर्पियो चोरी कर ली. चुराई गई स्कॉर्पियो खैरा थाना क्षेत्र के खैरा गांव निवासी पप्पू कुमार सिंह की बताई जाती है.घटना के बाद पीड़ित द्वारा नगरा थाने में इसकी सूचना दी गई.पप्पू कुमार सिंह ने नगरा पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि दो दिन पूर्व परसा से स्कॉर्पियो खरीदी थी और कुछ मरम्मत कार्य के लिए नगरा के एक गैरेज में सर्विसिंग हेतु दी थी.गुरुवार और शुक्रवार की मध्य देर रात चोरों ने गैरेज से स्कॉर्पियो को चुरा लिया और आसानी से फरार हो गए.घटना की तस्वीरें गैरेज में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई हैं.पुलिस फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान करने में जुटी है.वहीं इस संबंध में नगरा थानाध्यक्ष विजय रंजन ने कहा स्कॉर्पियो चोरी का मामला दर्ज कर लिया गया है.

## घर ताला काटकर हजारों मूल्य की सामग्री की चोरी

**दैनिक खोज ख़बर/बनियापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कराह गाव में घर का ताला काटकर अज्ञात चोरो ने हजारों रुपये मूल्य की सामग्री की चोरी कर लिया है।

घटना के संबंध मे पीड़ित अभिषेक कुमार उर्फ़ राजन सिंह ने प्राथमिकी मे बताया है कि मै घर पर नहीं था। बंद बंद था। जिसका फायदा उठा चोरों ने घर में रखे

फ्रिज,गैस सिलिंडर, सिलाई मशीन ,दो पानी का मोटर सहित अन्य सामग्री की चोरी कर लिया है। इसकी सूचना पड़ोसियों ने दी। जब मैं घर लौटा तो चोरी की घटना सत्य पाया। पुलिस घटना की अनुसन्धान मे जुट गयी है।

## इसुआपुर में कालाजार दवा का छिड़काव शुरू

**इसुआपुर(सारण)।** इसुआपुर में कालाजार दवा का छिड़काव शुरू हो गया है। प्रखंड के 10 चिन्हित गांवों में जहां कालाजार दवा का छिड़काव करना है, उनमें प्यारेपुर,सहवां, नवादा,अगौथर सुंदर,डटरा, रामपुर अटौली, आतानगर, महुली, छपियां शामिल हैं।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर तूलिका कुमारी ने बताया कि यह बीमारी बालू मक्खी के काटने से फैलता है। इसमें सिंथेटिक पायरेथरायड नामक दवा से छिड़काव किया जाएगा। यह कार्यक्रम 21 जुलाई से 43 कार्य दिवस तक चलेगा। कार्यक्रम की शुरुआत प्यारेपुर गांव में कालाजार की दवा का छिड़काव कर किया गया।

## 'बदलते एवं प्रगतिशील बिहार की तस्वीर' पर जिला स्तरीय प्रतियोगिता सम्पन्न

### प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राएं प्रमंडलीय प्रतियोगिता में होंगे शामिल

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी सारण तथा जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा सारण के नेतृत्व में ÷बदलते एवं प्रगतिशील बिहार की तस्वीर÷ विषय पर जिलास्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन ब्राह्मण स्कूल, छपरा में किया गया। कक्षा 6 से 8 (जूनियर वर्ग) एवं 9 से 12 (सीनियर वर्ग) के छात्र-छात्राओं ने निबंध लेखन, परिचर्चा और पेंटिंग/पोस्टर जैसी विधाओं में प्रतिभाग किया।बताया गया है कि प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में पाठ्य सहगामी गतिविधियों के माध्यम से जीवन कौशल विकास को बढ़ावा देना था। जिले के सभी प्रखंडों से चयनित प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## सारण में ठग गिरोह का खुलासा :इंदिरा आवास योजना के नाम पर महिलाओं से करते थे ठगी, दो भाई गिरफ्तार

**छपरा, सारण,एजेंसी।** छपरा के जलालपुर थाना पुलिस ने एक शातिर ठग गिरोह का भंडाफोड़ किया है। गिरोह के सदस्य खुद को एनजीओ का सदस्य बताकर गरीब और अशिक्षित महिलाओं को इंदिरा आवास योजना और लोन पास कराने का झांसा देते थे। इस गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है।

आरोपियों की पहचान वैशाली जिले के हाजीपुर नगर थाना क्षेत्र के नखासा चौक निवासी शिवनाथ राम के पुत्र मुकेश कुमार और राकेश कुमार के रूप में हुई है। जलालपुर पुलिस को सूचना मिली थी कि दो युवक महिलाओं से फोटो खींचने के नाम पर उनके गहने उतरवा रहे हैं।

पुलिस की विशेष टीम द्वारा की गई छापेमारी में इनके पास से 808.31 ग्राम सोने के गहने और 1060.10 ग्राम चांदी के आभूषण बरामद हुए हैं। साथ ही 53.30 लाख रुपये नकद, एक बाइक और एक मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है।

### सारण और वैशाली में चलाते थे गिरोह

एसएसपी कुमार आशीष ने बताया कि दोनों अभियुक्त जलालपुर, मढ़ौरा, गड़खा, अवतारनगर, दरियापुर और पुनपुन थाना क्षेत्रों में दर्ज कई मामलों में वांछित थे। इनके खिलाफ BNSS की धारा 107 के तहत कार्रवाई करते हुए जब्ती की प्रक्रिया शुरू की गई है।

पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि वे लंबे समय से सारण और वैशाली जिले में इस तरह की ठगी की घटनाओं को अंजाम देते रहे हैं। ठग महिलाओं से ठगे गए आभूषणों को बदलकर उनके स्थान पर नए आभूषण खरीदते थे। पुलिस ने आमजन, विशेषकर महिलाओं से अपील की है कि ऐसे किसी व्यक्ति या संस्था के बहकावे में न आएं। संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत सूचना स्थानीय थाना या 112 नंबर पर दें। गिरोह के भंडाफोड़ और बड़ी बरामदगी में शामिल SIT टीम को पुरस्कृत किया जाएगा।

## जर्जर सड़क को लेकर ग्रामीणों ने किया विरोध



**दैनिक खोज खबर/नगरा(सारण)।** प्रखंड क्षेत्र के मानपुर गांव एवं आसपास के ग्रामीणों ने मानपुर मुख्य सड़क के निर्माण की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि यह सड़क उर्दू प्राथमिक विद्यालय मानपुर,आंगनबाड़ी केंद्र, मस्जिद और मदरसा तक जाने का एकमात्र मुख्य मार्ग है।बारिश के समय यह सड़क पूरी तरह कीचड़मय हो जाती है, जिससे बच्चों और बुजुर्गों को आने जाने में विशेष रूप से परेशानी होती है।ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क लगभग दस वर्ष पहले बनाई गई थी, लेकिन अब इसकी स्थिति बेहद खराब हो गई है।कई हिस्सों में तो आज तक सड़क का निर्माण ही नहीं हुआ है।इस कारण स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द सड़क निर्माण की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए तो वे उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।विरोध प्रदर्शन में नफीस खान,डॉक्टर कफिल खान, मुंतजिर खान,शाहिद हुसैन, बाबर खान, रिजवान खान, हसमत खान, आशिफ खान, जफर खान, बाघा खान, अजमुल हक, बाबुद्दीन खान, इरफान खान, लालू खान, लड्डन खान, भोला खान, शकील खान, तैय्यब खान, सुहैल खान और एजाजुल खान सहित कई ग्रामीण शामिल थे।

### समाज के सजग प्रहरी थे शिक्षाविद् शिवकुमार बाबू

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** गड़खा बाजार स्थित शिवकुमार सिंह नॉलेज पार्क संस्थान में सुप्रसिद्ध शिक्षक शिवकुमार सिंह की 9वीं पुण्यतिथि समारोह पूर्वक मनाई गई।इस मौके पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि शिक्षाविद शिवकुमार सिंह समाज के एक सजग प्रहरी थे।शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।वे भारत माता के मंदिर के एक सच्चे पूजारी थे।उनके बताए हुए रास्ते पर चलना ही उस महान आत्मा के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।इस मौके पर क्वीज का आयोजन किया गया जिसका संचालन संस्थान के प्रबंधक मृत्युंजय हिमांशु ने किया।क्वीज प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागी अभिषेक, नीलिमा, सेमल,समीर, अंशिका, शिवा, परिणीता, सिद्धि, अनामिका, अरूणया, युवराज को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर नवलकिशोर सिंह,भागमनी देवी,अनिता देवी,रानी देवी,सुषमा सिंह,राजसुप्रिय,प्रीति सिंह,अनीता देवी,पूनम सिंह,कौशल किशोर सिंह आदि उपस्थित थे।अध्यक्षता प्रो.मृत्युंजय हिमांशु व धन्यवाद ज्ञापन मो.काजूदीन ने किया।

## राजनीति को समझने वाले संवेदनशील व्यक्तित्व हैं वाई. बी. गिरीः ओमप्रकाश सिंह

**दैनिक खोज खबर/एकमा/मांझी (सारण)।** वरिष्ठ अधिवक्ता व प्रखर वक्ता वाई. बी. गिरी न केवल अपने पेशे में पारंगत हैं, बल्कि एक समावेशी व संतुलित सोच वाले व्यक्तित्व भी हैं। अधिक उम्र के बावजूद उनकी स्मरणशक्ति और लोगों को पहचानने की क्षमता आश्चर्यजनक रूप से तीव्र है। दो दिन उनके साथ बिताने का अवसर मिला, जिसमें उनके सहज, मृदुभाषी व अनुशासित व्यवहार ने गहरी छाप छोड़ी।उक्त बातें एकमा प्रखंड के आमडाढ़ी पंचायत के पूर्व मुखिया व जनसुराज पार्टी के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह ने एकमा बाजार में एक विशेष भेंट वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि वाई. बी. गिरी एक मंजे हुए राजनैतिक रणनीतिकार की तरह व्यवहार करते हैं। वे क्राइम सेक्टर में वर्षों से वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में सक्रिय रहे हैं। बिहार के अनेक प्रमुख राजनेताओं के मामलों की पैरवी उन्होंने हाईकोर्ट में की है। राजनीति को वे एक संभावना का खेल मानते हैं। मांझी विधानसभा क्षेत्र से आगामी चुनाव लड़ने की बात भले जन सुराज पार्टी के बैनर तले कर रहे हों, परंतु उनके वक्तव्यों में भावी प्रत्याशी बनने से अधिक पार्टी की कमजोर कड़ियों की गहराई से पड़ताल दिखती है।वे अपने सहयोगियों के प्रति भी अत्यंत विनम्र हैं। यदि कोई उनके साथ रहते हुए भी कोई असंगत या अनुचित बात कहता है, तो वे उसे सार्वजनिक रूप से टोकने के बजाय अलग से समझाने का तरीका अपनाते हैं। एक कुशल प्रशासक की तरह वे अनुमंडल स्तर की गुटबाजियों और स्थानीय समीकरणों पर पैनी नजर बनाए हुए हैं।ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि उन्हें वाई. बी. गिरी से यह सीख मिली कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए समर्पण, त्याग और कभी-कभी अपने स्वार्थों की भी बलि देनी पड़ती है। यही एकता और शक्ति का आधार बनता है। राजनीति को वे कभी-कभी ÷मजबूरी की राह÷ भी मानते हैं, जहां समय और परिस्थिति के अनुसार निर्णय बदलने की आवश्यकता होती है।श्री सिंह ने कहा कि वाई. बी. गिरी की यह दृष्टि, अनुभव व संतुलन उन्हें एक प्रेरक और मार्गदर्शक राजनेता के रूप में स्थापित करता है। सारण की राजनीति में उनके जैसे संतुलित सोच रखने वालों की आवश्यकता हमेशा बनी रहेगी।

## बाल अधिकार और तस्करी रोकने को चला अभियान

### 30 जुलाई तक चलेगा अभियान, टोल फ्री नंबर की दी जानकारी




**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के चैनपुर चरिहारा गांव अवस्थित राजकीय मध्य विद्यालय के प्रांगण में बाल अधिकारों और तस्करी को लेकर नारायणी सेवा संस्थान के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। जागरूकता अभियान का नेतृत्व अखिलेंद्र सिंह ने किया। मौके पर प्रधानाध्यापक शरीफ आलम, शिक्षक विजेन्द्र सिंह, मो तबरेज आलम, अंजू कुमारी समेत अन्य मौजूद रहें। अखिलेंद्र सिंह ने बताया कि विश्व मानव दुर्व्यापार विरोधी पखवाड़े के तहत यह अभियान 15 जुलाई से शुरू हुआ है और यह 30 जुलाई तक चलेगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य छात्र छात्राओं के माध्यम से जागरूकता फैलाना और इस अपराध से लड़ने में उनकी भागीदारी बढ़ाना है। मानव दुर्व्यापार में लोगों को जबरन श्रम, यौन शोषण और दास्तां के लिए मजबूर किया जाता है। यह मानवाधिकारों का उल्लंघन है। इससे बच्चे और महिलाएं सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। इस संगठित अपराध से लड़ने के लिए समन्वित प्रयास आवश्यक हैं। मौके पर अधिकारों के प्रति टोल फ्री हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।

## ग्रामीण एसपी ने मढ़ौरा में की बैठक क्राइम कंट्रोल को लेकर दिए दिशा निर्देश



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** पुलिस की सक्रियता को तेज करने और लंबित मामलों का रिव्यू और निपटारा को लेकर ग्रामीण एसपी संजय कुमार शुक्रवार को मढ़ौरा पहुंचे। अनुमंडलपुलिस कार्यालय में ग्रामीण एसपी ने मढ़ौरा डीएसपी-1, डीएसपी- 2 के साथ साथ अनुमंडल के सभी एसएचओ, महिला थाना, एससी,एसटी थाना के साथ बैठक की। बैठक में ग्रामीण एसपी ने क्राइम कंट्रोल को लेकर चिन्हित मार्ग में पेट्रोलिंग को बढ़ाने, अपराधिक गतिविधि पर लगातार नजर रखने, घटनाओं का त्वरित रुप से निष्पादन और कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। कहा कि कार्य और कर्तव्य में लापरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मी और एसएचओ पर निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी। पुलिसिंग को बेहतर बनाने आम जनता के साथ अच्छा समानजस्य स्थापित करने का भी पुलिस कर्मियों को निर्देश दिया। इस दौरान डीएसपी- 1 नरेश पासवान, डीएसपी- 2 अमरनाथ के साथ मढ़ौरा, गौरा, तरैया, मशरख, इसुआपुर, अमनौर, भेल्दी, मकेर, पानापुर के थानाध्यक्ष उपस्थित थे।

## प्रखंड संसाधन केंद्र एकमा में इको क्लब संचालन को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** पर्यावरण जागरूकता और छात्र-छात्राओं में सतत जीवनशैली के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने के उद्देश्य से ÷इक्को क्लब फॉर मिशन लाइफ÷ विषयक एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड संसाधन केंद्र, एकमा में शुक्रवार को आयोजित हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी योगेंद्र बैठा ने की।इस दौरान पहले दिन प्रखंड अंतर्गत चयनित प्राथमिक, मध्य, माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयों के एक-एक नामित शिक्षक अथवा प्रधानाध्यापक को इको क्लब के लिए प्रशिक्षण में विस्तृत जानकारी दी गई। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को भी सूचिबद्ध विद्यालयों के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा, सारण के निर्देश के आलोक में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को बीआरसी एकमा में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण दो पालियों में आयोजित हुआ। पहली पाली सुबह 10:00 बजे से 12:00 बजे तक और दूसरी पाली अपराह्न 12:30 बजे से 2:30 बजे तक आयोजित हुई। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि शनिवार को भी सूचिबद्ध विद्यालयों से एक-एक नामित शिक्षक प्रशिक्षण में शामिल होंगे, जो विद्यालय में इको क्लब की स्थापना और संचालन के लिए प्रशिक्षित होंगे। प्रशिक्षण संचालन की जिम्मेदारी सीएनपीजी कॉलेज, बेनौत के प्रशिक्षक जितेन्द्र कुमार व एनपीएस हंसवापार मंदिर के शिक्षक विवेक कुमार ने निभाई।प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीईओ योगेंद्र बैठा, प्रधानाध्यापक मंजीत कुमार तिवारी, अरुण कुमार सिंह, संदीप कुमार, जितेंद्र कुमार, उपेंद्र कुमार यादव, विवेक कुमार सहित सभी मास्टर ट्रेनर, नामित शिक्षक व संकुल समन्वयक शामिल रहे। प्रतिभागियों को पर्यावरण संरक्षण, जलवायु बदलाव, जैव विविधता, ऊर्जा संरक्षण जैसे विषयों पर आधारित गतिविधियों के संचालन की जानकारी दी गई।

## अनिल शर्मा को अति पिछड़ा अध्यक्ष बनने पर दी बधाई

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल एवं सारण जिला जिलाध्यक्ष पूर्वी रणजीत सिंह ने मढ़ौरा के अनिल शर्मा को सारण जिला अति पिछड़ा मोर्चा पूर्वी का जिलाअध्यक्ष बनाया है। अनिल शर्मा को पद दिए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। प्रखंड अध्यक्ष से अति पिछड़ा मोर्चा का जिला अध्यक्ष बनाए जाने से उत्साहित अनिल शर्मा ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी गई है उसे वह अपनी पूरी निष्ठा से पूरा करेगा। बिहार विधानसभा चुनाव में अति पिछड़ा मोर्चा को पार्टी के पक्ष में मजबूती से खड़ा करने का काम करेगे। नई जिम्मेवारी मिलने पर अनिल शर्मा को सांसद राजीव प्रताप रूडी, जिलाध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र कुमार सिंह, भाजपा नेता मनोज सिंह, सत्यानंद सिंह, अणु सिंह, लालबाबू कुशवाहा, शत्रुघ्न भक्त, वेदप्रकाश उपाध्याय, शैलेश यादव, डॉ. रामबाबू सिंह, अंबिका मांझी, प्रियंका पांडेय, कविता देवी, इंदु शर्मा, प्रतिमा देवी, रिंकू देवी, लालबाबू सिंह, शंभू प्रसाद सिंह, राजीव रंजन सिंह, सिंटू सिंह के साथ अन्य कार्यकर्ता एवं सगे सम्बधियों ने बधाई दी है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि अनिल शर्मा बीजेपी के सक्रिय कार्यकर्ता रहे है। पार्टी से नई जिम्मेवारी मिलने से पार्टी मजबूत बनेगी ।

## मारर बथानी में अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार महिला को कुचला, मौत

**परसा (सारण)।** परसा बनकेरवा मुख्य मार्ग पर मारर बथानी वस्ती के समीप अनियंत्रित ट्रक ने सामने से आ रही एक बाइक में ठोकर मार दी जिससे बाइक सवार महिला की मौके पर मौत हो गयी ।जबकि उसके पति आंशिक रूप से घायल हो गए है। मृतक मकेर थाना क्षेत्र के सोनबरसा निवासी शिव कुमार राय की पत्नी 30 वर्षीय अनिता देवी देवी बतायी गयी है । घटना की सूचना पर आस पास के सैकड़ो लोग पहुचे और ट्रक पर पत्थर रोड़े फेकने लगे फिर भी चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया । घटना के सम्बंध में शिव कुमार राय ने बताया कि शुक्रवार की सुबह वह अपनी पत्नी को लेकर परसा के दिघरा गांव स्थित चन्देशवर राय के घर ससुराल से अपने घर लौट रहा था कि सामने से आ रहा ट्रक ने कुचल डाला जिससे पत्नी अनिता की मौत हो गयी ।जबकि शिव कुमार घायल हुए है।सूचना पर 112 न.पुलिस घटना स्थल पहुच घटना की छानबीन में जुटी है।

इधर शिव कुमार राय ने बताया कि पत्नी अनिता एक माह पूर्व मायके दिघरा गांव आयी थी । और मैं गुजरात से घर लौटने के बाद शुक्रवार की सुबह बाइक से ससुराल पहुँचा और पत्नी को लेकर चल पड़ा ।कि मारर बथानी के समीप ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे पत्नी का शिर ट्रक के चक्के के नीचे जाकर दब गया। वही मैं सड़क किनारे अचेत हो गिर पड़ा । जिसे आस पास के लोगो ने बचाया। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम हेतु छपरा भेज दिया गया है। वही पुलिस द्वारा अग्रेतर करवाई की जा रही है।

## स्कूल के चावल की हुई चोरी, एमडीएम बाधित

**इसुआपुर(सारण)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय अगौथर नंदा के एमडीएम स्टॉक रुम से गुरुवार की रात 21 पैकेट चावल की चोरी हो गई है। इससे संबंधित लिखित शिकायत विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अमित कुमार पांडेय ने इसुआपुर थाने में दिया है। जिसमें कहा गया है कि जब वे शुक्रवार को विद्यालय पहुंचे तो देखा कि इंडियन स्टॉक रुम का ताला टूटा हुआ है। वहीं रूम के अंदर स्टॉक चेक किया तो पाया कि 21 पैकेट चावल गायब था। जिसकी तत्काल सूचना पुलिस इमरजेंसी सेवा 112 को दी गई।

## अनियंत्रित बोलेरो घर में घुसी, गाय की मौत

**दैनिक खोज खबर/मांझी।** मांझी थाना क्षेत्र के डुमरी गांव के समीप बुधवार की मध्य रात्रि एक अनियंत्रित बोलेरो विद्युत पोल को तोड़ते हुए एक घर में घुस गई। बोलेरो के टक्कर से मौके पर ही एक गाय की मौत हो गई। मौका पाकर चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए शिवपूजन सिंह ने बताया कि दरवाजे के बगल में सड़क से हटकर नाद के समीप गाय बांधी गई थी तभी पश्चिम दिशा से तेज गति से आ रही एक बोलेरो का नियंत्रण बिगड़ गया और गाय सहित बिजली का पोल तोड़ते हुए एक घर के दीवार को तोड़कर घर में घुस गई। बोलेरो की टक्कर से गाय उछलकर करीब 20 मीटर दूर जा गिरी जहां उसकी मौत हो गई। जबकि धारा प्रवाहित विद्युत पोल को भी तोड़कर बोलेरो घटनास्थल से करीब 20 फीट दूर घसीटते हुए ले गई और एक घर में टक्कर मार कर घर में घुस गई। गुरुवार की सुबह घटना की जानकारी मिलने पर वहां लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। वहीं बिजली पोल में धारा प्रवाहित होने की सूचना मांझी ग्रिड को दी गई। सूचना पाकर विद्युत कर्मी द्वारा टूटे हुए पोल से लाइट को काटा गया। थानाध्यक्ष अविनाश कुमार झा ने बताया कि पीड़ित पक्ष के आवेदन के आलोक में चालक के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

## कड़ी सुरक्षा के बीच चांदपुरा पैक्स का चुनाव सम्पन्न

**परसा (सारण)।** प्रखंड के चांदपुरा पंचायत में पैक्स अध्यक्ष पद के लिए शुक्रवार को मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हो गया।निर्वाची पदाधिकारी सह परसा बीडीओ राकेश कुमार ने बताया कि मतदान के लिए निर्धारित अवधि अपराह्न 4-30 बजे तक 42 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया।चांदपुरा स्थित प्राथमिक विद्यालय उर्दू पर बनाए गए पांच मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची में 2980 मतदाता थे जिसमें 1252 मतदाताओं ने मतदान किया।मतदात की निर्धारित समय 7:00 बजे के पहले ही मतदाता अपनी कतार में लग गए थे।मौके पर मौजूद चुनाव कर्मियों ने ससमय मतदान की प्रक्रिया शुरू करा दी।मतदान को लेकर विभिन्न प्रत्याशियों के समर्थक अपने अपने मतदाताओं को घरों से मतदान केंद्रों पर भेजवाने को लेकर प्रेरित करते रहे।करीब दो घंटे तक रुक रुक कर हो रही बारिश के कारण मतदाताओं की रफ्तार कम होनी शुरू हुई।लेकिन दोपहर बाद थोड़ा मतदान में इजाफा होना शुरू हुआ तथा मतदान समाप्ति के निर्धारित समय तक महिला-पुरूष मतदाताओं ने अपना मतदान किया और निर्धारित अवधि तक मतदान का प्रतिशत 42 प्रतिशत जा पहुंचा।सीओ अनुज कुमार ने भी मतदान केंद्र पर पहुंच वहां चल रही मतदान की स्थिति का जायजा लिया।इस दौरान थानाध्यक्ष सुनील कुमार, अपर थानाध्यक्ष जुली कुमारी,सहित कई पुलिस पदाधिकारी एवं जवान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तैनात थे।

## कार सवार ने पत्रकार पर किया जानलेवा हमला

**सिवान।** महादेवा थाना क्षेत्र के नई बस्ती निवासी पत्रकार सह अधिवक्ता अभिषेक श्रीवास्तव पर गुरुवार को कार सवार कुछ लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। जिससे वे घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायल पत्रकार को सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज हुआ। इसके बाद उन्होंने महादेवा थाना में प्राथमिकी के लिए आवेदन दिया है। बताया कि मैं अपने चार वर्षीय पुत्र के लिए टाफी खरीदने मोहल्ले के एक दुकान पर गया था जहां बाइक खड़ी देख उधर से गुजर रहे एक कार चालक ने पहले हार्न बजाना शुरू किया। उन्होंने दुकान के गेट के पास खड़े होकर अपनी बाइक सीधा कर रास्ता देते हुए उससे कहा कि बहुत जगह था पहले हीं एक स्कार्पियो गया है, आप बेवजह हार्न बजा रहे हैं, इसी बात पर कार चालक को नागवार गुजरी और उसने वहीं कार रोक कर बाहर निकल गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। जिसे मैं अपने बाए हाथ से रोका इसे मेरा बाएं हथेली पर जख्म हो गया।

## बाजार में दो दुकानों का शटर तोड़कर 50 हजार की चोरी

**सिवान।** नगर थाना क्षेत्र के श्रद्धानंद बाजार में गुरुवार की देर रात अज्ञात चोरों ने दो दुकानों का शटर तोड़कर नकद सहित 50 हजार की चोरी कर ली। वहीं दो दुकानों का शटर तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया । दुकानों में चोरी की जानकारी दुकान मालिकों को शुक्रवार की सुबह तब हुई जब वे दुकान खोलने पहुंचे। इसके बाद उन्होंने नगर थाना को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई में जुट गई। वहीं पुलिस आस-पास के सीसी कैमरों के फुटेज की पड़ताल कर रही है। पहली चोरी रामेश्वर खाद बीज भंडार में हुई है। जहां चोरों ने एक बैटरी की चोरी की है। दुकान मालिक राजीव कुमार सिंह उर्फ पिंकू ने बताया कि हमलोग दुकान को बंद कर घर चले गए। सुबह में जानकारी हुई कि दुकान में चोरों ने घुसकर एक बैटरी की चोरी की है। वहीं दूसरी चोरी एक खाद बीज दुकान में ही हुई है। जहां चोरों ने शटर को तोड़कर बीस हजार रुपया नकद व चांदी का सिक्का की चोरी कर ली। दुकान मालिक सुनील कुमार ने बताया कि गुरुवार को एक काम के लिए बीस हजार रुपया दुकान में रखा था, जो चोरों ने चोरी कर ली। जबकि श्याम सुंदर कपड़ा दुकान व फुट वियर दुकान में चोरों ने शटर तोड़कर चोरी का प्रयास किया है। दोनों दुकान से चोरों ने चोरी नहीं की है।

## भूमि विवाद को लेकर सदर अस्पताल में दो पक्षों में मारपीट

**सिवान।** जीबी नगर थाना क्षेत्र के सारंगपुर गांव में शुक्रवार की सुबह भूमि विवाद को लेकर दो पक्ष में मारपीट हो गई। उसमें एक पक्ष से चार लोग गंभीरपुर से घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। वहीं घायल इमरजेंसी वार्ड में प्रवेश किए तबतक उक्त लोगों ने पुन~ हमला कर दिया। इससे सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान उक्त गांव निवासी मीना देवी, किशन कुमार यादव, कमलेश कुमार यादव और अमित कुमार के रूप में हुई है। घटना के संबंध में घायल किशन कुमार यादव ने बताया कि चार कट्ठा भूमि को लेकर पट्टीदारों से विवाद चल रहा है। शुक्रवार की सुबह हम लोग जा रहे थे तभी अचानक हम लोगों को घेर कर मारना पीटना शुरू कर दिया। इसमें हम सभी घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने बीच बचाव किया और इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। अभी हम लोग सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में प्रवेश ही कर रहे थे तब तक दर्जनों की संख्या में वे लोग आए और पुनः सदर अस्पताल परिसर में मारना पीटना शुरू कर दिया।

## वज्रपात से एक युवती की मौत

**सिवान।** नौतन थाना क्षेत्र के बराई पट्टी गांव में शुक्रवार को वर्षा के दौरान छत से कपड़ा उतारने गई युवती की वज्रपात से मौत हो गई। मृतका की पहचान बराई पट्टी गांव निवासी भोला पंडित की पुत्री नेहा कुमारी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार नेहा वर्षा के पूर्व बाहर सूख रहे कपड़ों को लेने गई थी। जैसे ही वह छत पर चढ़ी तभी उसके शरीर पर आकाशीय बिजली गिर गई और वह झुलस कर घायल हो गई। स्वजन उसे इलाज के लिए नौतन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर नौतन थाना मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। बता दें कि नेहा दो भाई दो बहनों में सबसे छोटी थी, पिता मजदूरी करते हैं। घटना के बाद स्वजनों का रो-रो कर बुरा है।

## प्रोफेसर बी के सिंह आज भाजपा में होंगे शामिल

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** राजनीतिक व सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय योगदान देने वाले शिक्षाविद् सह समाजसेवी प्रोफेसर बी के सिंह शनिवार को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे। यह आयोजन जिले के हसनपुरा नगर पंचायत अंतर्गत करमासी रोड स्थित सिंह वाटिका के सभागार में किया जाएगा। जहां सैकड़ों की संख्या में उनके अनुयायी व प्रशंसक भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण करेंगे। उक्त जानकारी दारौंदा विधायक व्यास सिंह के निजी सचिव बृजनंदन सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि प्रोफेसर बीके सिंह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हो रहे चहुंमुखी विकास, पारदर्शी शासन व्यवस्था और जनहितकारी योजनाओं से अत्यंत प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हो रहे है। इस मौके पर बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, दारौंदा विधायक कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह, भाजपा पश्चिमी जिला के जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी सहित भाजपा के सभी नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। वहीं दारौंदा विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी हरेंद्र कुशवाहा ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। स्थानीय कार्यकर्ताओं में उत्साह का वातावरण है। भाजपा की जिला इकाई इसे सिवान में संगठन विस्तार और जनसंपर्क की दिशा में एक महत्वपूर्ण अवसर मान रही है। यह आयोजन सिवान की राजनीति में एक नई हलचल और दिशा का संकेत भी माना जा रहा है।

## रघुनाथपुर के युवक की करंट लगने से लुधियाना में मौत

**रघुनाथपुर (सिवान)।** थाना क्षेत्र के सोनकरा मोहल्ला निवासी ध्रुवनारायण दुबे के पुत्र पिंटू दुबे (40) गुरुवार को करंट लगने से लुधियाना शहर में मौत हो गई। उसकी मौत की सूचना मिलते ही स्वजनों के रोने से माहौल हो गया। उसका शव गांव पहुंचते ही देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। बताया जाता है कि पिंटू दुबे लुधियाना के श्री गुरु नानक देव होम्योपैथिक मेडिकल कालेज एंड हास्पिटल में कार्य करता था। वर्षा के दौरान बालकनी में तिरपाल लटकाने के क्रम में करंट लगने से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक पिंटू दुबे की मौत के बाद पत्नी सुमन देवी समेत अन्य स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। पिंटू दुबे को दो पुत्र रिशु कुमार एवं अनिकेत भी अपने पिता के शव से लिपट फफक-फफर रो रहे थे। आसपास के ग्रामीण स्वजनों को ढाढ़स बंधा रहे थे।

## संजय झा बने सिवान के अपर पुलिस अधीक्षक

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** अपर पुलिस अधीक्षक मद्य निषेद्य, अपराध अनुसंधान विभाग पटना के संजय कुमार झा को सिवान के नए अपर पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। इसका विभाग द्वारा पत्र जारी कर दिया गया है। वहीं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी महाराजगंज राकेश कुमार रंजन को पुलिस उपाधीक्षक साइबर क्राइम मुंगेर भेजा गया है।

## प्रेम प्रसंग में एक व्यक्ति ने फांसी लगा की आत्महत्या

**महाराजगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के पोखरा पंचायत के पकवलिया गांव में गुरुवार की रात्रि एक व्यक्ति ने प्रेम प्रसंग में फांसी लगा आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घटनास्थल से पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के अनुसार पकवलिया गांव निवासी अरुण कुमार यादव का एक महिला से प्रेम प्रसंग चल रहा था। अरुण कुमार यादव किसी बात को लेकर गुरुवार की रात कमरे में पंखे के सहारे रस्सी से फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फंदे से उतार उस व्यक्ति को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा जहां चिकित्सक द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। इस संबंध में अपर थानाध्यक्ष राहुल भारती ने बताया कि कमरे की तलाशी लेने पर कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। स्वजनों ने बताया कि उसने प्रेम प्रसंग के कारण आत्महत्या कर ली है। समाचार प्रेषण तक स्वजन द्वारा थाना में आवेदन नहीं दिया गया था।

## कांग्रेस कार्यालय का उद्घाटन आज

**दैनिक खोज खबर/महाराजगंज (सिवान)।** महाराजगंज शहर स्थित रामेश्वर धाम मंदिर के समीप कांग्रेस पार्टी के कार्यालय का उद्घाटन शनिवार को होगा इस संबंध में कांग्रेस नेता प्रद्युम्न राय ने कहा कि उद्घाटन के अवसर पर कांग्रेस के कई वरीय नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

# वेब जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ इंडिया की भागलपुर इकाई के अध्यक्ष हुए श्यामानंद सिंह

**दैनिक खोज खबर/भागलपुर।** देश के वेब पत्रकारों के सबसे बड़े संगठन वेब जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ इंडिया की भागलपुर इकाई का गठन आज एक महत्वपूर्ण बैठक में संपन्न हुआ। यह बैठक स्थानीय वी गार्डन मैरिज हॉल में आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में वेब पत्रकारों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य विजय कुमार सिन्हा ने की, जबकि संचालन का दायित्व पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य कुमार आदित्य ने निभाया। इस अवसर पर प्रतिष्ठित वेब पोर्टल ApnaBiharJharkhand.com ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। साथ ही, विभिन्न मीडिया संस्थानों से जुड़े कई पत्रकारों ने संगठन से जुड़कर वेब पत्रकारिता को और अधिक संगठित एवं सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता जताई।बैठक में श्यामानंद सिंह को सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष पद ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि वे संगठन के सिद्धांतों और मूल्यों के प्रति पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करेंगे तथा जिले में वेब पत्रकारिता को संगठित रूप से आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद कौशल, महासचिव अमित रंजन, अमिताभ ओझा, सचिव सह बिहार प्रभारी मधुप मणि ÷पिक्कू÷, कार्यालय सचिव अकबर इमाम, कोषाध्यक्ष मंजेश कुमार, संयोजक मनोकामना सिंह समेत तमाम राष्ट्रीय पदाधिकारियों के प्रति विशेष आभार प्रकट करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में देशभर के वेब पत्रकारों को एक मजबूत मंच मिला है, जो पत्रकारों के अधिकारों एवं हितों की प्रभावी रूप से रक्षा कर रहा है।



# जीवन के हर आयाम में अनुशासन के प्रबल पैरोकार थे डा. त्रिभुवन नारायण सिंह

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** शहर के चकिया रोड स्थित डा. टीएन सिंह मेमोरियल हास्पिटल में बुधवार को डा. त्रिभुवन नारायण सिंह का जन्म दिवस मनाया गया। इस मौके पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व की स्मृति को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। उपस्थित प्रबुद्धजनों ने एकमत से स्वीकार किया कि डा. त्रिभुवन नारायण सिंह जीवन के हर आयाम में अनुशासन के प्रबल पैरोकार रहे थे। उनकी सामाजिकता, स्पष्टवादिता, सांस्कृतिक अनुराग, राष्ट्रवादी विचारधारा आज के पीढ़ी को संदेश देती है। इस अवसर पर भारत विकास परिषद देशरत्न, लायंस क्लब सिवान, कृष्णचंद्र गांधी मीडिया सेंटर के सदस्य उपस्थित रहे। बुधवार को टीएन मेमोरियल हास्पिटल पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में डा. त्रिभुवन नारायण सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। अपने दिवंगत पिता की पावन स्मृति को नमन करते हुए उनकी पुत्री डा. ऋचा सिंह की आंखें नम हो गई। भावनाएं इस कदर हावी हो गई कि जुबां से आवाज की बजाय आंखों से आंसू गिरने लगे। उनके पुत्र डा. सौरभ सिंह ने भी बेहद भावुक अंदाज में कहा कि उनके पिता के सिद्धांत आजीवन उनका मार्गदर्शन करते रहेंगे। कार्यक्रम को शिक्षाविद् डा. गणेशदत्त पाठक व लायंस क्लब के प्रेसिडेंट विकास सोमानी ने कहा कि डाक्टर साहब की सहृदयता और सहजता को भुलाना मुश्किल हैं। कार्यक्रम को पूर्व कोषाध्यक्ष अनुग्रह भारद्वाज, भारत विकास परिषद देशरत्न के अध्यक्ष रोहित सिंह, परिषद के सचिव अतुल श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष राजीव रंजन, भारत भूषण आदि ने भी संबोधित किया।

## अलग-अलग जगहों से दो फरार वारंटी गिरफ्तार

सिसवन (सिवान)। चैनपुर थाना की गश्त दल ने गुरुवार की शाम अलग-अलग गांवों में छापेमारी कर दो वारंटियों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष गौरव कुमार सिन्हा ने बताया कि पूर्व के मारपीट के मामले में फरार चल रहे वारंटी चैनपुर निवासी धर्मेंद्र साह को तथा रामगढ़ निवासी सोहेल राय को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# पिता ने अज्ञात पर हत्या का आरोप लगाते हुए कराई प्राथमिकी

**गोरेयाकोठी (सिवान)।** लकड़ी नबीगंज थाना क्षेत्र के गोपालपुर निवासी मैनेजर प्रसाद के 27 वर्षीय पुत्र प्रमोद प्रसाद की मौत मामले में पिता ने रुपये के लिए हत्या की आशंका जाहिर करते हुए थाना में प्राथमिकी कराई है। आवेदन में कहा है कि मेरा छोटा पुत्र प्रमोद प्रसाद नबीगंज के सुखदेव साह के मकान में किराए पर कमरा लेकर रहता था। वहीं से वह दिल्ली, हरियाणा आदि जगहों से हार्डवेयर सामग्री की खरीदारी कर आसपास के बाजारों की दुकानों में आपूर्ति करता था। वह अभी अविवाहित था और कभी-कभार एक से दो घंटे के लिए घर पर आता था। गुरुवार की सुबह आठ बजे के करीब गांव के चौकीदार लक्ष्मण मांझी मेरे पास पहुंच नबीगंज चलने के लिए बोला। कुछ पड़ोसी व वार्ड सदस्य उदय शर्मा के साथ नबीगंज पहुंचा तो एक कमरे का दरवाजा खोलकर दिखाया गया कि एक व्यक्ति बिछावन पर मृत पड़ा है व उसके शरीर में कीड़ा लग गए हैं। साथ ही बिछावन के नीचे काफी खून गिरा है। नजदीक जाकर देखा तो पहचान पाया कि मेरे बेटे प्रमोद का ही शव है। वहां पुलिस भी मौजूद थी। उसके बाद पुलिस ने कागजी कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दी। देर शाम पोस्टमार्टम से शव आने के बाद उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। मेरे बेटे के पास विक्री के काफी नकदी हमेशा रहते थे। उन्होंने आवेदन में अज्ञात लोगों द्वारा रुपये के लिए बेटे की हत्या करने का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। प्राथमिकी के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। घटना के बाद स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया है। मृतक की चाची इंग्लिश देवी ने बताया कि घटना में काफी लोगों की मिलीभगत लग रही है। शरीर पर तेजाब से जलाने व जख्म के निशान सारी कहानी बयां कर रहे हैं। ज्ञात हो कि काफी दुर्गंध के बाद गुरुवार को मकान मालिक ने पुलिस को सूचना दी जिसके बाद कमरे को खोला गया व प्रमोद का शव बरामद हुआ। जुटे लोगों में चर्चा शुरू हो गई कि शव कम से कम पांच दिनों पुराना है।

## मृत युवती की हुई पहचान, सौतेले मां पर हत्या कर शव छुपाने का आरोप

**दारौंदा (सिवान)।** थाना क्षेत्र के ढेबर शिव मंदिर के समीप गंहरिया-ढेबर सड़क किनारे गुरुवार को ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने एक युवती का शव बरामद की थी। इसके बाद मृतका की पहचान कर ली गई। मृतका थाना क्षेत्र के शेरपुर निवासी संजय साह की पुत्री आशा कुमारी है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में मृतका की नानी पचरुखी निवासी श्याम देव साह की पत्नी कलावती देवी के बयान पर प्राथमिकी की गई है, इसमें संजय साह की पत्नी नीति देवी पर हत्या करने का आरोप लगाया है। आवेदन में कहा गया है कि 19 जुलाई की रात मेरी नतिनी आशा कुमारी (19) को उसकी सौतेली मां नीति देवी ने हत्या कर दी थी। जब मुझे 21 जुलाई को पता चला तो उसकी खोजबीन शुरू की, लेकिन नतिनी का कहीं पता नहीं चला। इसके बाद 24 जुलाई की सुबह महिलाएं धान की रोपनी करने के लिए गई थी, महिलाओं को जब समीप झाड़ी से बदबू आने पर उसका पता की तो एक युवती का शव दिखाई दिया। इसके बाद महिलाओं ने इसकी सूचना ग्रामीणों एवं पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही चौकीदार जगलाल मांझी ने थानाध्यक्ष को जानकारी दीं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया।

## 57 पैक्सों एवं व्यापार मंडलों के विरूद्ध दंडात्मक कार्रवाई करते हुए कराया जाएगा सनहा

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** खरीफ विपणन मौसम 2024-25 धान अधिप्राप्ति अंतर्गत कुल 257 पैक्सों एवं व्यापार मंडलों द्वारा धान का क्रय किया गया है। जबकि कई पैक्स एवं व्यापार मंडलों द्वारा सीएमआर की आपूर्ति में लापरवाही बरती जा रही है। किसानों से धान खरीदने के बावजूद बिहार राज्य खाद्य निगम को चावल (सीएमआर) नहीं देने वाली पैक्स समितियों पर अब सख्ती बरतनी शुरू कर दी गई है। इसी क्रम में अब 57 पैक्सों एवं व्यापार मंडलों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई करने के पूर्व सनहा दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में जिला सहकारिता पदाधिकारी सह सिवान सेंट्रल को-आपरेटिव बैंक के एमडी सौरभ कुमार ने बताया कि आंदर प्रखंड अंतर्गत सात पैक्स एवं व्यापार मंडल, बड़हरिया प्रखंड अंतर्गत एक पैक्स, बसंतपुर प्रखंड अंतर्गत तीन पैक्स, भगवानपुर हाट प्रखंड अंतर्गत पांच पैक्स, दरौली प्रखंड अंतर्गत सात पैक्स, दारौंदा प्रखंड अंतर्गत एक पैक्स, गोरेयाकोठी प्रखंड अंतर्गत पांच पैक्स, गुठनी प्रखंड अंतर्गत दो पैक्स, हसनपुरा प्रखंड अंतर्गत चार पैक्स, हुसैनगंज प्रखंड अंतर्गत एक पैक्स, लकड़ी नबीगंज प्रखंड के एक पैक्स, महाराजगंज प्रखंड के एक पैक्स, नौतन प्रखंड अंतर्गत दो पैक्स, पचरूखी प्रखंड अंतर्गत एक पैक्स, रघुनाथपुर प्रखंड अंतर्गत नौ पैक्स, सिसवन प्रखंड अंतर्गत चार पैक्स, जीरादेई प्रखंड अंतर्गत छह पैक्स के अध्यक्ष / प्रबंधक एवं प्रबंधकारिणी सदस्यों के विरूद्ध दंडात्मक कार्रवाई करने के पूर्व संबंधित थाना में सनहा कराने के लिए आवेदन दिया गया है।

## श्रद्धालुओं का जत्था देवघर व तारापीठ के लिए रवाना

**दैनिक खोज खबर/बसंतपुर (सिवान)।** प्रखंड के बसांव गांव से शुक्रवार की सुबह श्रद्धालुओं का जत्था प्रसिद्ध देवघर मंदिर में जलाभिषेक के लिए दो वाहनों से रवाना हुआ। जत्थे का नेतृत्व कर रहे पूर्व मुखिया सोनू सिंह ने बताया कि वे लोग झारखंड के देवघर व बासुकीनाथ में जलाभिषेक करने के बाद पश्चिम बंगाल के तारापीठ पहुंच सिद्धपीठ में माता के भी दर्शन करेंगे। वापसी में झारखंड के रामगढ़ में दामोदर व भैरवी नदी के संगम पर स्थित मां छिन्नमस्तिका मंदिर पहुंच माता की पूजा-अर्चना करेंगे। सावन माह में क्षेत्र से विभिन्न प्रदेशों के प्रसिद्ध शिव मंदिर व अन्य धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए लोग रोजाना ही रवाना हो रहे हैं। ऐसे में क्षेत्र भी भक्तिमय नजर आ रहा है। इस मौके पर सोनू सिंह, अजीत सिंह, अजय रंजन, सुरेंद्र सिंह, चुन्नू सिंह आदि उपस्थित थे।

## शिक्षा प्रेमी अंबिका बाबू की मनी आठवीं पुण्यतिथि

**दैनिक खोज खबर/भगवानपुर हाट (सिवान)।** प्रखंड के हिलसड़ स्थित राज रोशन सिहं इंटर कालेज में शुक्रवार को शिक्षाविद् अंबिका प्रसाद सिंह की आठवीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा की वक्ताओं ने कहा कि अंबिका बाबू क्षेत्र में प्राथमिक से इंटर तक की पढ़ाई की व्यवस्था मुहैया कराने व्यक्ति थे। उनके सरल एवं सौम्य स्वभाव की सभी प्रशंसा करते हैं। वे शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यालय, महाविद्यालय की स्थापना कराई। शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा स्थापित शिक्षण संस्थाओं के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का काफी विकास हुआ। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य बृजकिशोर सिंह, प्राचार्य कल्पना कुमारी, प्रो. प्राचार्य शत्रुघ्न सिंह, प्रो. विजय कुमार ओझा, प्रो. अनूप कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## ईश्वर वस्तुओं से नहीं भक्तों की प्रेम से होते हैं खुश : आचार्य मधुसूदन महाराज

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** शहर के महादेवा स्थित कलावती मैरेज हाल में 16 जुलाई से आरंभ नौ दिवसीय शिव महापुराण कथा की पूर्णाहुति गुरुवार की देर शाम भजन-कीर्तन व आरती के साथ संपन्न हो गई। इस मौके पर पार्थिव पूजन, रुद्राभिषेक, भजन-कीर्तन एवं भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस मौके पर वृंदावन से पधारे कथावाचक आचार्य मधुसूदन सावन महाराज ने कहा कि प्रवचन से भक्तों में भक्ति का ऐसा ज्योत जलाया कि श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। उन्होंने श्रीराम भक्त हनुमानजी का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि सभी अपनी प्रशंसा सुनना चाहते हैं, लेकिन भगवान हनुमानजी श्रीराम की प्रशंसा सुनना पसंद करते हैं। इस प्रकार भक्तों को चाहिए कि वो कभी भी स्वयं की प्रशंसा न करें। उन्होंने नवधा भक्ति प्रसंग में शिव-पार्वती संवाद में कहा कि भगवान को वस्तुओं की आवश्यकता नही हैं, ईश्वर को उसके प्रेम भाव की आवश्यकता है। भगवान हमेशा अपने पुत्रों को सबकुछ देते के लिए तैयार रहते हैं, हमें मांगना नहीं आता या फिर हम अहंकारी हो जाते हैं, इसलिए भगवान भी कृपा करना छोड़ देते हैं। व्यक्ति को चाहिए कि जो भी अच्छा या बुरा हो उससे शिक्षा लें और सब नियति पर छोड़ दें। आचार्य ने बहुत सुंदर प्रसंगों के माध्यम से लोगों को शिक्षा प्रदान किया। वहीं श्रद्धालु डा. के कुमार ने बताया कि महाराज की कथा सुनकर हृदय को सुख व सुकून प्राप्त होती हैं और प्रत्येक वर्ष हम सब का प्रयास रहेगा कि इसी प्रकार कार्यक्रम का आयोजन करते रहें। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता पर सभी श्रद्धालुओं के सहयोग एवं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया। इस मौके पर कथावाचक को उपहार देकर देकर विदाई दी गई। इस मौके पर रामायण साह, मनोज श्रीवास्तव, विजय सिंह, जितेंद्र दुबे, अशोक सिन्हा समेत काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

